C M Y K

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 280 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - मंगलवार, 14 अप्रैल ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## पंचायत-निकाय चुनाव टालने हाईकोर्ट पहुंची सरकार, 15 अप्रैल तक कराने में जताई असमर्थता

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

राजस्थान में पंचायत एवं निकाय चुनाव को लेकर सरकार ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाते हुए निर्धारित समयसीमा में चुनाव कराने में असमर्थता जताई है। सरकार ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र दायर कर वर्तमान परिस्थितियों का हवाला देते हुए चुनाव आगे बढ़ाने का अनुरोध किया है।

सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजेंद्र प्रसाद द्वारा दायर प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि हाईकोर्ट के 15 अप्रैल तक चुनाव कराने के निर्देशों की पालना के लिए हर संभव प्रयास किए गए, लेकिन मौजूदा हालात में यह संभव नहीं है। सरकार ने हर महीने की परिस्थितियों का उल्लेख करते हुए अप्रत्यक्ष रूप से दिसंबर तक चुनाव कराने की संभावना जताई है।



प्रार्थना पत्र में बताया गया कि अक्टूबर से दिसंबर के बीच कई पंचायत समितियों एवं जिला परिषदों का कार्यकाल समाप्त हो रहा है। ऐसे में इनका कार्यकाल खत्म होने के बाद चुनाव कराना अधिक उपयुक्त रहेगा, जिससे 'वन स्टेट, वन इलेक्शन' की अवधारणा को भी बल मिलेगा।

सरकार ने ओबीसी आरक्षण को लेकर भी स्थिति स्पष्ट की है। बताया गया कि 9 मई 2025 को ओबीसी आयोग का गठन किया गया था, लेकिन आयोग द्वारा रिपोर्ट तैयार करने के लिए बार-बार समय मांगा गया, जिससे प्रक्रिया में देरी हुई। सरकार का कहना है कि ओबीसी आरक्षण लागू किए बिना चुनाव कराना सामाजिक न्याय के विपरीत होगा। आयोग की रिपोर्ट मिलने के बाद ही एससी, एसटी, ओबीसी एवं महिलाओं के लिए आरक्षण तय कर चुनाव प्रक्रिया पूरी की जा सकेगी।

इसके अलावा सरकार ने संसाधनों की कमी का भी हवाला दिया है। प्रार्थना पत्र में उल्लेख किया गया कि शहरी निकायों के चुनाव के लिए करीब 22,891 मतदान केंद्र और ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 45,380 मतदान केंद्रों की आवश्यकता होगी। इन पर क्रमशः लगभग 1.14 लाख और 2.26 लाख कर्मचारियों की जरूरत पड़ेगी। साथ ही ईवीएम मशीनों की उपलब्धता और उन्हें रीसेट करना भी बड़ी चुनौती बताया गया है।

सरकार ने पूर्व विधायक संयम लोढ़ा और गिर्राज देवंदा की जनहित याचिकाओं में यह प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। अब इस मामले में हाईकोर्ट में होने वाली आगामी सुनवाई महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

## बिजौलिया पुलिस की दोहरी कार्रवाई: साइबर ठगी गिरोह का पर्दाफाश, तीन आरोपी गिरफ्तार; डकैती मामले का स्थाई वारंटी भी दबोचा

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

जिले में साइबर अपराध और वांछित अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियानों के तहत थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक ओर जहां म्यूल खातों के जरिए साइबर ठगी करने वाले नेटवर्क का खुलासा किया, वहीं दूसरी ओर डकैती के पुराने मामले में करीब एक साल से फरार चल रहे स्थाई वारंटी को भी गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने कार्रवाई जिले में 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक 'म्यूल हंटर विशेष अभियान' और 'वांछित आरोपी गिरफ्तारी अभियान' चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना प्रभारी स्वागत पांड्या के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा यह कार्रवाई की गई ।

### म्यूल खातों से साइबर ठगी का खुलासा

पुलिस को साइबर अपराध में इस्तेमाल हो रहे संदिग्ध बैंक खातों की सूची प्राप्त हुई थी। जांच के दौरान नगर के यूको बैंक शाखा के तीन खातों में संदिग्ध लेन-देन सामने आया। खातों की केवाईसी और ट्रांजेक्शन रिकॉर्ड खंगालने के बाद साइबर पोर्टल व तकनीकी विश्लेषण से पुष्टि हुई कि इन खातों के माध्यम से कुल 2 लाख 42 हजार 93 रुपए की साइबर ठगी की गई। इन खातों के खिलाफ दिल्ली, कर्नाटक, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, उत्तरप्रदेश और केरल सहित देशभर में कुल 8 शिकायतें दर्ज पाई गई हैं। मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान खाताधारक आमीन और अशफाक को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। उन्होंने बताया कि उन्होंने अपने बैंक खाते, एटीएम, पासबुक और सिम अपने परिचित शाबीर के माध्यम से अन्य लोगों को बेच दिए थे। इसके बाद पुलिस ने शाबीर को भी गिरफ्तार कर लिया। तीनों आरोपियों से गहन पूछताछ जारी है, जबकि इस नेटवर्क से जुड़े अन्य साइबर ठगों की तलाश की जा रही है।

### डकैती मामले का स्थाई वारंटी भी गिरफ्तार

इसी अभियान के तहत पुलिस ने एक अन्य महत्वपूर्ण कार्रवाई करते हुए डकैती के पुराने प्रकरण में करीब एक वर्ष से फरार चल रहे स्थाई वारंटी सत्तु उर्फ सत्यनारायण कंजर को भी गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ एडीजे कोर्ट, मांडलगढ़ में लंबित मामले में वारंट जारी था। पुलिस ने उसे ग्राम चिताबड़ा से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

## मोबाइल चोरी पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, शातिर चोर गिरफ्तार; 13 मोबाइल, लैपटॉप व आभूषण बरामद

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

**(पुनित चपलोत)।** शहर में बढ़ती मोबाइल चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाते हुए गांधीनगर थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 13 मोबाइल फोन, एक लैपटॉप तथा चांदी के आभूषण बरामद किए हैं।

गांधीनगर थानाधिकारी प्रशिक्षु आरपीएस डॉ. नेहा सिंह राव के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार एक पीड़िता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी, जिसमें उसके दो मोबाइल फोन एवं चांदी के आभूषण चोरी होने की बात कही गई थी।





जांच के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि पांडु के नाले के पास एक व्यक्ति चोरी के मोबाइल बेचने की फिराक में घूम रहा है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर आरोपी भंवर ओढ़ को गिरफ्तार किया और उसके कब्जे से दो मोबाइल फोन बरामद किए, जो पीड़िता के निकले।

इसके बाद गहन पूछताछ में आरोपी से 11 अन्य मोबाइल फोन, एक लैपटॉप एवं चोरी के चांदी के आभूषण भी जब्त किए गए। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी कई प्रकरण दर्ज हैं और उससे अन्य चोरी की वारदातों के खुलासे की संभावना है।

इस कार्रवाई में थानाधिकारी डॉ. नेहा सिंह राव के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल सुखदेव सिंह, हेड कांस्टेबल जगदीश, कांस्टेबल राकेश (विशेष योगदान), अनिल एवं ब्रजमोहन की टीम शामिल रही।

## कार खड़े कंटेनर से टकराई, हादसे में कार चालक की हुई दर्दनाक मौत,3 गंभीर घायल, मची अफरा तफरी

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

**( पुनित चपलोत )**

पुर थाना क्षेत्र के पांसल हाइवे पर एक कार खड़े कंटेनर से टकरा गई।हादसे में कार चालक की मौत हो गई,जबकि कार में सवार तीन जने गंभीर रूप से घायल हो गए ।

जानकारी के अनुसार पुर थाना क्षेत्र के पांसल हाइवे पर सोमवार शाम एक कार खड़े कंटेनर से टकरा गई।भिंडत इतनी जोरदार थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।हादसे में कार चालक की मौके पर ही मौत हो गई।जबकि कार के सवार तीन जने गंभीर रूप से घायल हो गए।हादसे के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई।हादसे की सूचना पर पुर थाना पुलिस ओर हाइवे एंबुलेंस मौके पर पहुंची ओर ग्रामीणों की मदद से



कार में सवार लोगों को बाहर निकाला। तीनों घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल के ट्रॉमा वार्ड में भर्ती करवाया गया है।वही मृतक के शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवाया गया था। बताया जा रहा है कार सवार लोग गुजरात निवासी है ओर अजमेर से गुजरात जा रहे थे इसी दौरान यह हादसा हो गया।

## बोर्डियास में दो घरों में चोरी, आभूषण-नगदी व देसी घी ले उड़े चोर

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**(सांवर वैष्णव)।** क्षेत्र के बोर्डियास गांव में रविवार मध्यरात्रि को अज्ञात चोरों ने दो घरों को निशाना बनाते हुए आभूषण, नगदी एवं देसी घी चोरी कर लिया। वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसमें तीन संदिग्ध नजर आए हैं। सूचना पर सवाईपुर चौकी एवं बड़लियास थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

पुलिस के अनुसार चोर सबसे पहले जगदीश सिंह पुत्र नारायण सिंह पुरावत के घर में जगला तोड़कर घुसे। उस समय परिवार के सदस्य बरामदे में सो रहे थे। चोर कमरे से सूटकेस उठाकर पास स्थित नारायण दरोगा के बाड़े में ले गए, जहां से उसमें रखी करीब डेढ़ तोला सोने की चेन, आधा तोला सोने की अंगूठी, करीब 200 ग्राम चांदी के आभूषण तथा 10 हजार रुपये नगद चोरी कर लिए। इसके अलावा चोर दुकान से नमकीन और चॉकलेट के डिब्बे भी ले गए।बताया गया कि परिजन शादी में जाने की तैयारी के चलते सूटकेस में गहने, नगदी और कपड़े रखे हुए थे। वहीं एक प्रसूता महिला बच्ची के साथ कमरे में सो रही थी, लेकिन रात करीब 12 बजे



बिजली बंद होने से वह भी बाहर आकर सो गई, जिससे संभावित बड़ी घटना टल गई। इसके बाद चोरों ने गांव के ही जगदीश चंद्र पुत्र नंदा प्रजापत के घर को निशाना बनाया। यहां दीवार फांदकर अंदर घुसे चोरों ने कमरे का ताला तोड़कर करीब 5 हजार रुपये नगद, आभूषण एवं स्टील के डिब्बे में रखा करीब दो किलो देसी घी चोरी कर लिया। सुबह करीब 6 बजे परिजनों को घटना की जानकारी मिली, जब उन्होंने घर में सामान बिखरा देखा। सूचना मिलने पर एएसआई जेठमल एवं कांस्टेबल श्रवण कुमार मौके पर पहुंचे। वहीं भीलवाड़ा से एफएसएल टीम ने पहुंचकर फिंगरप्रिंट सहित अन्य साक्ष्य जुटाए।पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

## एएनटीएफ की नशा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई: 1.740 ग्राम अफीम के साथ आरोपी गिरफ्तार, मोटरसाइकिल जब्त

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

**( पुनित चपलोत )**

एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) की भीलवाड़ा टीम ने मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को अफीम के साथ गिरफ्तार किया है। टीम ने आरोपी के कब्जे से 1.740 ग्राम अफीम बरामद कर एक मोटरसाइकिल भी जब्त की है।

एएनटीएफ को गुप्त सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति चित्तौड़गढ़ से मांडल होते हुए जैतारण की ओर मोटरसाइकिल से अवैध मादक पदार्थ लेकर जा रहा है। सूचना के आधार पर टीम आसींद पहुंची और कटार चौराहे पर सादा वेश में निगरानी शुरू की।



इसी दौरान हुलिये के अनुसार संदिग्ध व्यक्ति मोटरसाइकिल से जाता दिखाई दिया। टीम ने सतर्कता बरतते हुए उसका पीछा किया और घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से 1.740 ग्राम अवैध अफीम बरामद हुई।

कार्रवाई के दौरान एएनटीएफ टीम ने स्थानीय पुलिस को मौके पर बुलाया, जिसके बाद विधिवत कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया और मादक पदार्थ व वाहन जब्त कर लिया गया।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान रामपाल भील (26) पुत्र राजु लाल भील निवासी संग्रामपुरा, तहसील बस्सी, जिला चित्तौड़गढ़ के रूप में हुई है।

एएनटीएफ के महानिरीक्षक विकास कुमार ने बताया कि अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस दिनेश एम.एन. के निर्देशन में मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान लगातार जारी है और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जा रही है।कार्यवाही में एएनटीएफ भीलवाड़ा चौकी प्रभारी अयूब मोहम्मद ,राजाराम , नारायण और राजेश का विशेष सहयोग रहा।

C M Y K

# अंबेडकर जयंती पर निकलेगी वाहन रैली, आमसभा में होंगे विचार विमर्श



**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़।**

अम्बेडकर विचार मंच शक्करगढ़ के तत्वावधान में आज भारत रत्न डॉ. बी. आर. अम्बेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। इस अवसर पर प्रातःकाल विशाल वाहन रैली निकाली जाएगी, जिसके बाद आमसभा का आयोजन किया जाएगा।

कार्यक्रम में जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (जार) के प्रदेशाध्यक्ष हरि बल्लभ मेघवाल मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे। वहीं कार्यक्रम का संचालन कवि राजकुमार बादल द्वारा किया जाएगा।

आमसभा में प्रधानाचार्य रामलाल रैगर, रामेश्वर लाल मीना, डॉ. प्रभुलाल वर्मा सहित कई वक्ता बाबा साहेब के विचारों पर अपने उद्बोधन देंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रशासक मनभर देवी रैगर करेंगी।

कार्यक्रम के संयोजक छितरलाल रैगर (अध्यापक) एवं रामपाल रैगर इंदौरिया रहेंगे। आयोजन में ग्राम पंचायत बाकरा, बरोदा, बेइ, टीटोडा जागीर, शक्करगढ़ तथा किशनपुरा सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी रहेगी।

# डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती श्रद्धा व उत्साह से मनाई



**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला ।**

कस्बे के राजकीय प्राथमिक विद्यालय लटाला में भारत रत्न डॉ. बी. आर. अम्बेडकर की 135वीं जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

संस्था प्रधान राजमल रैगर ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को भारतीय संविधान में दिए गए मूल अधिकारों एवं मूल कर्तव्यों की जानकारी दी गई। साथ ही सभी बच्चों से संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन करवाया गया।कार्यक्रम में बाबा साहब के जीवन आदर्शों को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व, जागरूक नागरिक बनने तथा देश की प्रगति, देशभक्ति, समानता और भाईचारे का संदेश दिया गया।

विमलेश कुमार वैष्णव ने विद्यार्थियों को बाबा साहब के बाल्यकाल से जुड़े प्रेरणादायक प्रसंग सुनाए, जिससे बच्चों में उत्साह देखने को मिला।

कार्यक्रम के अंत में सभी ने बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

# संघ के शताब्दी वर्ष पर पंडेर में प्रमुख जन गोष्ठी, पंच परिवर्तन का संकल्प



**भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर**

**(गजानंद जोशी)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के उद्देश्य से देशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में शाहपुरा खंड के विभिन्न मंडलों की प्रमुख जन गोष्ठी पंडेर स्थित बजरंग वाटिका में आयोजित की गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन एवं सामूहिक वंदे मातरम गीत के साथ हुआ। मुख्य वक्ता राजस्थान क्षेत्र प्रज्ञा प्रवाह संयोजक सत्यनारायण कुमावत ने अपने संबोधन में संघ के सौ वर्षों की यात्रा, उसके उद्देश्यों और राष्ट्र निर्माण में उसकी भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने भारत के गौरवशाली अतीत, समाज में सकारात्मक परिवर्तन की आवश्यकता और भारत को पुनः विश्व गुरु बनाने के विषय पर विचार व्यक्त किए। कुमावत ने 'पंच परिवर्तन' के पांच सूत्रों सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी जीवन शैली तथा नागरिक कर्तव्यों को प्राथमिकता देने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि इन सिद्धांतों को अपनाकर समाज में जागरूकता बढ़ाई जा सकती है और राष्ट्र को विकसित व सशक्त बनाया जा सकता है।

कार्यक्रम में शाहपुरा खंड के विभिन्न मंडलों के प्रबुद्धजन एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे। सभी ने पंच परिवर्तन के सिद्धांतों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। अंत में कार्यक्रम का समापन सामूहिक राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# महावीर युवक मंडल सेवा संस्थान की साधारण सभा संपन्न



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

श्री महावीर युवक मंडल सेवा संस्थान की साधारण सभा शांति भवन स्थित मोदी हाल में संपन्न हुई। साधारण सभा में संस्थान की गत वर्ष की गतिविधियों एवं कार्यों का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। साथ ही नए पदाधिकारियों की निर्वाचन प्रक्रिया चुनाव अधिकारी आर.के. जैन एवं ज्ञानप्रकाश सांखला के निर्देशन में सम्पन्न हुई।

मंडल अध्यक्ष पंकज लालानी व मंत्री मनीष बडोला ने बताया की निर्वाचन के अनुसार बाबूलाल सूर्या को संरक्षक, मनीष कोठारी को अध्यक्ष, अनुराग नाहर को उपाध्यक्ष, हुक्मीचंद खटोड़ को मंत्री, अरुण डांगी को सहमंत्री तथा राजेन्द्र सेठिया को कोषाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया। मनीष बम्ब ने बताया की नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के चयन पर संस्थान के सदस्यों एवं समाजजनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

# बिजोलिया में पत्रकार पर हुए हमले में पालिका कर्मी बना मास्टरमाइंड? रंजिश में किया सुनियोजित हमला, पुलिस 12 दिन से खाली हाथ

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया**

पत्रकार पर हुए जानलेवा हमले के मामले में पत्रकार ने स्वयं की जांच की मांग की है । जिसके बाद नगर पालिका के संविदा पर कार्यरत कर्मचारी से जुड़े विवाद ने अब नया मोड़ ले लिया है। स्थानीय पत्रकार श्याम विजयवर्गीय ने उपखंड अधिकारी को विस्तृत ज्ञापन सौंपते हुए न केवल बीते दिनों संविदा कर्मियों द्वारा लगाए गए आरोपों की निष्पक्ष जांच की मांग की है, बल्कि खुद के खिलाफ लगाए गए सभी आरोपों की भी जांच कराने की मांग कर पारदर्शिता का संदेश दिया है।

ज्ञापन में विजयवर्गीय ने बताया कि उनके ऊपर हुए 1 अप्रैल के जानलेवा हमले के बाद नगर पालिका के संविदा कर्मियों ने अपने एक साथी को बचाने के उद्देश्य से एक सुनियोजित ज्ञापन प्रस्तुत किया। इस ज्ञापन में उन पर पत्रकारिता की आड़ में स्वच्छता एवं प्रशासनिक अभियानों जैसे कचरा न फैलाने, प्लास्टिक उपयोग प्रतिबंध, डस्टबिन व्यवस्था और अतिक्रमण हटाने में बाधा डालने के आरोप लगाए गए हैं। पत्रकार ने इन आरोपों को निराधार बताते हुए पिछले डेढ़ वर्षों में प्रकाशित समाचारों और तथाकथित व्यवधानों की सक्षम अधिकारी से निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

उन्होंने ज्ञापन में यह भी स्पष्ट किया कि उन पर नगर में विभिन्न स्थानों पर अतिक्रमण करने का आरोप लगाया गया है। इस पर उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया कि जांच कर यह बताया जाए कि उन्होंने किन-किन स्थानों पर अतिक्रमण किया है, ताकि वे स्वयं तथ्यों के साथ अपनी स्थिति स्पष्ट कर सकें।

एक अन्य महत्वपूर्ण बिंदु में पत्रकार ने कहा कि उन पर कर्मचारियों पर दबाव डालकर निजी दस्तावेज अनैतिक रूप से प्राप्त करने के आरोप लगाए गए हैं। इस संबंध में उन्होंने पिछले 15 वर्षों में अपने एवं अपने परिवार द्वारा विभिन्न विभागों से मांगी गई सूचनाओं की जांच कराने और उसकी प्रतिलिपि उपलब्ध कराने की मांग की है, ताकि सच्चाई सामने आ सके।

नगर पालिका के संविदा कार्मिकों द्वारा बताई गई 22 मार्च की घटना का जिक्र करते हुए विजयवर्गीय ने बताया कि इसे आधार बनाकर उनकी छवि खराब करने का प्रयास किया गया, जबकि उन्होंने अधिशासी अधिकारी पंकज कुमार मंगल को नगर में फैले कचरे, दुकानों के किराया निर्धारण में अनियमितताओं और निर्माण कार्यों की निगरानी के नाम पर लोगों को परेशान किए जाने की जानकारी दी थी। इसके बाद उन्हें कार्यालय बुलाया गया, जहां उनके साथ कथित दुर्व्यवहार किया गया, बातचीत का गुप्त रूप से वीडियो बनाया गया और उन्हें धमकाया गया।

इसी के बाद रंजिश पालते हुए 1 अप्रैल को योगेश अहिर एवं उसके भाई सहित अन्य साथियों द्वारा उनके निवास के बाहर हथियारों से लैस होकर जानलेवा हमला किया गया, जिसका मामला थाने में दर्ज है। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस द्वारा योगेश के भाई लक्ष्मी नारायण उर्फ कालू अहीर एवं कोटा के हेमंत जांगिड को हिरासत में लेने के बावजूद मुख्य आरोपी अब तक गिरफ्त से बाहर हैं। उन्होंने शेष आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। पत्रकार ने यह भी आरोप लगाया कि कुछ संविदा कर्मी अधिशासी अधिकारी के पास शिकायत लेकर आने वाले लोगों की वीडियो रिकॉर्डिंग कर उन्हें दबाने का कार्य करते हैं। इसके अलावा, योगेश अहिर द्वारा ग्राम पंचायत और नगरपालिका कार्यकाल में भूखंड पट्टों एवं रसीदों में की गई कार्यवाही की जांच तथा फॉरेंसिक जांच कराने की मांग की गई है।

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि नगरपालिका में कई संविदा कर्मी प्रभावशाली परिवारों से जुड़े हैं, जिन्होंने स्वयं अतिक्रमण कर रखा है। साथ ही, एक ही परिवार के कई सदस्यों की ठेकेदार के माध्यम से नियुक्ति कर आमजन को डराने का आरोप भी लगाया गया है। पत्रकार का कहना है कि इस कारण वार्ड सभाओं में जनसहभागिता 5 प्रतिशत तक भी नहीं पहुंच पा रही, जिससे सरकारी संसाधनों का दुरुपयोग हो रहा है।


सबसे महत्वपूर्ण बात यह रही कि विजयवर्गीय ने स्वयं को 'ब्लैकमेलर' बताए जाने के आरोपों को चुनौती देते हुए पिछले 15 वर्षों में अपने द्वारा प्रकाशित समाचारों की भी निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है, ताकि उनकी पत्रकारिता की सच्चाई सामने आ सके।

पत्रकार ने उपखंड अधिकारी से सभी बिंदुओं पर निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग की है।

# बेटियों को दिया संकल्प, शिव भक्ति में डूबा भीलवाड़ाः छठे दिन उमड़ा आस्था का सैलाब

## महाशिवरात्रि पर हजारों श्रद्धालु पहुंचे कथा पांडाल, अंतिम दिन सुबह 8 से 11 बजे तक होगी कथा





**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

**मूलचंद पेसवानी।** धर्मनगरी भीलवाड़ा में पहली बार प्रख्यात कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के मुखारविंद से हो रही श्री शिव महापुराण कथा अब अंतिम चरण में पहुंच गई है। इसके बावजूद श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। आजादनगर स्थित मेडिसिटी ग्राउंड में आयोजित कथा में छठे दिन महाशिवरात्रि के अवसर पर श्रद्धालुओं का विशाल सैलाब उमड़ पड़ा।

संकटमोचन हनुमान मंदिर के महंत बाबूगिरीजी महाराज के सानिध्य एवं आयोजन समिति के अध्यक्ष अशोक कोठारी के नेतृत्व में हो रहे इस आयोजन में रविवार की अपेक्षा भी अधिक भीड़ देखने को मिली। तेज गर्मी के बावजूद श्रद्धालु जहां जगह मिली, वहीं बैठकर श्रद्धाभाव से कथा श्रवण करते नजर आए।

### बेटियों को दिलाया संकल्प

कथा के दौरान पंडित प्रदीप मिश्रा ने शिव महापुराण के प्रसंगों के माध्यम से जीवन मूल्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि माता-पिता के लिए पुत्र जहां पिंडदान करता है, वहीं पुत्री का दायित्व अधिक महत्वपूर्ण है क्योंकि कन्यादान से माता-पिता को मोक्ष की प्राप्ति होती है।उन्होंने पांडाल में मौजूद हजारों अविवाहित बेटियों को खड़ा कर संकल्प दिलाया कि वे किसी भी प्रकार के प्रलोभन या गलत रास्ते पर नहीं चलेंगी और माता-पिता की सहमति से विवाह कर उन्हें कन्यादान का अवसर देंगी।

### शिव भक्ति से बदलती है जिंदगी

पंडित मिश्रा ने कहा कि भगवान शिव पर अटूट विश्वास रखने से जीवन की कठिनाइयां दूर हो जाती हैं। श्रद्धा से जल अर्पित करने पर 'कंकर भी शंकर बन जाता है '। उन्होंने कहा कि विश्वास केवल भगवान, अपने पिता और स्वयं पर करना चाहिए।

### 'मेकअप की उम्र में भक्ति जरूरी

कथा में उन्होंने युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि यदि कम उम्र में भक्ति की जाए तो बुढ़ापे में भगवान स्वयं सहारा बनते हैं। उन्होंने कहा कि 'मेकअप की उम्र में भक्ति कर ली तो चेकअप की उम्र में भगवान संभालेंगे। '

उन्होंने भगवान महादेव से प्रार्थना करने का आह्वान किया कि जीवन में कर्ज, क्लेश और कलंक से मुक्ति मिले।

### सनातन जागरण का संदेश

कथा में चारभुजा मंदिर उज्जैन के महामंडलेश्वर स्वामी शांतिस्वरूपानंद गिरी महाराज ने कहा कि पंडित प्रदीप मिश्रा देश में सनातन जागरण का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति अपने आप में अभूतपूर्व है।

### भजनों पर झूमे श्रद्धालु

कथा के दौरान 'धीमा बजा ओ डमरू भोलेनाथ' भजन पर हजारों श्रद्धालु झूम उठे। महिला श्रद्धालु अपने स्थान पर खड़े होकर भक्ति में लीन नजर आईं। कथा के दौरान कई श्रद्धालुओं के अनुभव भी साझा किए गए, जिनमें शिव भक्ति से समस्याओं के समाधान की बात सामने आई।

### कीर्तन के साथ मनाई महाशिवरात्रि

छठे दिन कथा विश्राम के बाद भी श्रद्धालु पांडाल में डटे रहे और रातभर भजन-कीर्तन का आयोजन चलता रहा। विभिन्न समूहों ने भक्ति गीतों के माध्यम से वातावरण को शिवमय बना दिया।

### आज होगा समापन

आयोजन समिति के अनुसार सात दिवसीय कथा का समापन मंगलवार को सुबह 8 से 11 बजे तक होगा। अंतिम दिन के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं शहरवासी उपस्थित रहे। कथा के दौरान विभिन्न जजमानों एवं अतिथियों ने पूजा-अर्चना एवं आरती में भाग लिया। आयोजन समिति के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने व्यवस्थाओं में सक्रिय भूमिका निभाई।

# बनकाखेड़ा विद्यालय में मनाई अम्बेडकर जयंती

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर ।**

**( सांवर वैष्णव ):-** कस्बे के निकटवर्ती बनकाखेड़ा गांव के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मे डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती मनाई गई । प्रधानाचार्य बरदा लाल रेगर ने संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर के जीवन परिचय तथा उपलब्धियों पर प्रकाश डाला । उप प्रधानाचार्य जोगेंद्र सिंह चौहान ने प्रार्थना सभा में संविधान की प्रस्तावना का छात्रों को वाचन करवाया, बताया कि सभी कक्षा के छात्रों ने कविता, भाषण, व प्रेरक प्रसंग, पोस्टर, चित्रकला, निबंध के माध्यम से कार्यक्रम में भाग लिया ।

राजेंद्र कुमार मीना ने कार्यक्रम का संचालन किया । इस अवसर पर व्याख्याता उर्मिला पारीक, दयाशंकर खोईवाल, वरिष्ठ अध्यापक अनिल ओझा आदि ने विचार रखे ।।






QUICK BITES

# कोटड़ी पत्रकार शर्मा को मातृ शोक

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी।**



कस्बा निवासी कैलाश चन्द्र शर्मा व पत्रकार संघ के अध्यक्ष, दैनिक नवज्योति कोटड़ी के वरिष्ठ पत्रकार श्याम सुन्दर की माता बदाम देवी पत्नी भंवर लाल चोटिया (शर्मा) का सोमवार शाम को निधन हो गया। शर्मा के निधन पर कोटड़ी कस्बावासियो, उपखण्ड के जनप्रतिनिधियों व पत्रकार संघ के सदस्यों ने गहरा दुख प्रकट किया। अन्तिम यात्रा मंगलवार को सुबह 9 बजे भीलवाड़ा आवास से पंचमुखी मोक्षधाम जाएगी।

# रगसपुरिया-बासड़ा मार्ग बदहाल, नहर किनारे सुरक्षा के अभाव से हादसे का खतरा

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



क्षेत्र के रगसपुरिया चौराहे से बासड़ा तक जाने वाला मुख्य मार्ग इन दिनों खस्ताहाल स्थिति में है। रगसपुरिया, रायड़ा, सुन्दरपुरा चौराहा, राजपुरा चौराहा, बलाई खेड़ा और रामपुरिया होकर गुजरने वाली इस सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे हो गए हैं, जिससे आवागमन में भारी परेशानी हो रही है। आए दिन राहगीर चोटिल हो रहे हैं। यह मार्ग बासड़ा स्थित देवनारायण मंदिर एवं औझागर महादेव मंदिर तक पहुंचने का प्रमुख रास्ता है। शनिवार और रविवार को यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं, लेकिन सड़क की खराब स्थिति के कारण उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। रामपुरिया से बासड़ा के बीच करीब एक किलोमीटर का हिस्सा मेजा फीडर नहर के किनारे से गुजरता है। इस स्थान पर न तो सुरक्षा दीवार है और न ही रेलिंग या चेतावनी बोर्ड लगे हैं, जिससे हादसे की आशंका बनी रहती है। नहर में पानी होने पर खतरा और बढ़ जाता है। सड़क के दोनों ओर उगी झाड़ियों के कारण भी वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। झाड़ियां मार्ग तक फैलने से दृश्यता कम हो गई है, जिससे दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से सड़क के नवनिर्माण, नहर किनारे सुरक्षा व्यवस्था और झाड़ियों की सफाई की मांग की है। उनका कहना है कि समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

# बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर भाजपा ने आतिशबाजी के साथ मनाया दीपोत्सव

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती की पूर्व संध्या पर भाजपा जिला संगठन द्वारा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा के नेतृत्व एवं सांसद दामोदर अग्रवाल, पूर्व सांसद सुभाष बहेडिया, वरिष्ठ नेता पेंटर सूरज के सान्निध्य में अंबेडकर सर्किल पर स्वच्छता कार्यक्रम के साथ ही बाबा साहेब की मूर्ति पर माल्यार्पण एवं सर्किल पर दीपोत्सव भव्य आतिशबाजी के साथ आयोजित किया गया। जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि इस अवसर पर वक्ताओं ने संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहेब महान समाज सुधारक, शिक्षाविद्, कानूनविद्, और मानवाधिकारों के सशक्त प्रहरी थे। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन समाज में व्याप्त असमानता, छुआछूत और भेदभाव के खिलाफ संघर्ष को समर्पित कर दिया। डॉ. अम्बेडकर के विचारों का प्रमुख आधार समतामूलक, न्यायपूर्ण और प्रगतिशील समाज का निर्माण है। हम सभी को उनके सिद्धांतों और विचारों का अनुसरण करना चाहिए। इस अवसर पर जिला महामंत्री अविनाश जीनगर, प्रहलाद त्रिपाठी, कुलदीप शर्मा, गोपाल तेली, मंजू चेचाणी, सुरेंद्र सिंह मोटरास, आरती कोगटा, लादूलाल जाट, ललिता कंवर, ललित अग्रवाल, अंकुर बोरदिया, शशांक बिड़ला, अभिश्रुता सोलंकी, एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष पूरण डीडवानिया, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष भगवत सिंह खैराबाद, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मंजू पालीवाल, मंडल अध्यक्ष रमेश खोईवाल, नागेन्द्र सिंह, हीरालाल बोहरा, शिवप्रकाश चन्नाल, दयाराम दिव्य, पवन बैरवा, नंगजी राम रैगर, महेंद्र नायक, भरतसिंह राठौड़, मुकेश शर्मा देबू , ज्योति आशीर्वाद, नेहा नागर, सुमित्रा पोरवाल सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**आज आयोजित होगा अंबेडकर जयंती समारोह**

डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर भाजपाई मंगलवार प्रातः 8 बजे अंबेडकर सर्किल पर बाबा साहेब की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे। इसके पश्चात दोपहर 1.30 बजे अंबेडकर जयंती महोत्सव कार्यक्रम शहर के धानमण्डी स्थित आमली के बालाजी परिसर में राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत (कैबिनेट मंत्री) के मुख्य आतिथ्य, कपासन विधायक अर्जुनलाल जीनगर एवं राजसमंद विधायक दीप्ति माहेश्वरी के सानिध्य एवं भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा की अध्यक्षता में आयोजित होगा।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# महंत बनवारी शरण जी की पुण्यतिथि निम्बार्क आश्रम में श्रद्धा से मनाई

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

श्री निम्बार्क पारमार्थिक सेवा ट्रस्ट के तत्वाधान में महंत मोहन शरण शास्त्री के सानिध्य में गोलोकवासी महंत 1008 श्री बनवारी शरण की पुण्यतिथि निम्बार्क आश्रम में श्रद्धा व भक्ति के साथ मनाई गई।

मीडिया प्रभारी दिलीप सोनी ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत पंडित निलेश शर्मा ने महंत 1008 श्री बनवारी शरण शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर पूजा अर्चना के साथ किया । इसके पश्चात महाआरती का आयोजन हुआ तथा उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया।





पुजारी माधव शरण ने बताया कि इस अवसर पर ट्रस्ट से जुड़े कॉन्ट्रैक्टर ओम प्रकाश सेन, जितेन्द्र वैष्णव, दिनेश शर्मा, नीलम शर्मा, गोपी दादा, कैलाश अरोड़ा, रणजीत सिंह कारोई, रामेश्वर डाड, ओम प्रकाश पारीक, नीरू शर्मा, भंवर लाल शर्मा, दीपिका अरोड़ा, वंदना शर्मा, रवि शर्मा, पुरुषोत्तम शर्मा, विनोद ओझा, गोपाल सुखवाल एवं श्याम सुंदर शर्मा सहित कई श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# मंत्रोच्चार व जयकारों के बीच महंत बाबूगिरी महाराज का महामंडलेश्वर पद पर पट्टाभिषेक

## निरंजनी अखाड़े के प्रमुख संतों के सानिध्य में पट्टाभिषेक, संतों व भक्तों चादर ओढ़ा किया अभिनंदन





**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

**मूलचंद पेसवानी।** संकटमोचन हनुमान मंदिर भीलवाड़ा के महंत बाबूगिरी महाराज अब निरंजनी अखाड़े के महामंडलेश्वर बाबूगिरी महाराज के पदनाम से जाने जाएंगे। पट्टाभिषेक समारोह सोमवार दोपहर आजादनगर स्थित मेडिसिटी ग्राउण्ड में श्री शिव महापुराण कथा पांडाल के मंच पर श्री पंचायती निरंजनी अखाड़ा मायापुर हरिद्वार के सचिव, अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष व मंशादेवी मंदिर ट्रस्ट हरिद्वार के अध्यक्ष महन्त डॉ. रविन्द्रपुरी महाराज के सानिध्य में हुआ। अध्यक्षता चारधाम मंदिर उज्जैन के महामंडलेश्वर स्वामी शांतिस्वरूपानंद गिरी महाराज ने की। कई महन्त, उप महन्त व संतों की मौजूदगी में हुए गरिमापूर्ण समारोह में सांसद दामोदर अग्रवाल व भीलवाड़ा विधायक अशोक कोठारी भी मंच पर रहे। पंडित अशोक व्यास के निर्देशन में पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चार किया। देहरादून से आए महामंडलेश्वर महेशानंद गिरी महाराज ने पट्टा अभिषेक कराया। अभिषेक होते ही महामंडलेश्वर बाबू गिरी महाराज ने सबसे पहले अध्यक्षता कर रहे स्वामी शांति स्वरूपानंद महाराज व अन्य वरिष्ठ संतों से आशीर्वाद लिया। सबसे पहले उन्हें निरंजनी अखाड़े की ओर से चादर ओढ़ाई गई। इसके बाद भीलवाड़ा हरिशेवाधाम आश्रम के महामंडलेश्वर हंसरामजी उदासीन, लेटे हुए हनुमानजी मंदिर प्रयागराज के महन्त बलवीरगिरी महाराज, चित्तौड़गढ़ कालिकामाता मंदिर के महंत रामनारायण पुरी, महन्त जगन्नाथ भारती आदि संतों व भक्तों ने चादर ओढ़ाई। चांदना प्रक्रिया महन्त प्रकाशपुरी व महंत रामस्वरूप गिरी ने की। पट्टाभिषेक प्रक्रिया पूरी होते ही भगवान भोलेनाथ, भगवान एकलिंगनाथ एवं हर हर महादेव के जयकारे गूंजायमान हो उठे ओर महामंडलेश्वर बाबू गिरी महाराज पर जमकर पुष्पवर्षा की गई। श्री महाशिवपुराण कथा आयोजन समिति ने भी उनका अभिनंदन किया। संचालन कर रहे अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत डॉ. रविन्द्रपुरी महाराज ने बताया कि निरंजनी अखाड़े के पंच परमेश्वरों ने ये बाबू गिरी महाराज को धर्म व समाज के प्रति उनकी सेवाओं को देखते हुए महामंडलेश्वर बनाने का निर्णय लिया। दशनामी अखाड़े के संत इस पद को गुरू समान मानते है। बाबू गिरी महाराज के भागीरथी प्रयासों से भीलवाड़ा में श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन हो पाया। अखाड़े ने उनको ये पद देकर मान व गौरव बढ़ाया है। उम्मीद करते है कि वह धर्म की ध्वजा लिए निरन्तर कार्य करते रहेंगे। पट्टाभिषेक के बाद महामंडलेश्वर बाबूगिरी महाराज का अभिनंदन करने वालों में निरंजनी अखाड़े के सचिव महंत रामरतन गिरी ने बताया कि पट्टाभिषेक समारोह दोपहर 1 बजे भीलवाड़ा में आजादनगर स्थित होगा। इसमें निरंजनी अखाड़े के प्रमुख संतो के साथ भीलवाड़ा व देश के विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले संत महात्मा भी शामिल रहेंगे। बैठक में निरंजनी अखाड़े के सचिव महंत दिनेश गिरी कुबेर भण्डारी मंदिर करनाली गुजरात, महंत राकेश गिरी सचिव गुरू शिखर राजस्थान, महंत राजगिरी सचिव श्रुवणनाथ मठ हरिद्वार, महंत रामसेवक गिरी सचिव प्रयागराज, महंत नीलकंठ गिरी सचिव वाराणसी आदि शामिल थे। दिगम्बर सम्प्रदाय के सतीशवन महाराज, गंगागिरी, शिवहरि गिरी, अर्जुनपुरी, उमेश भारती, प्रभातगिरी, सोमगिरी, राधेश्यामपुरी, सुखदेवगिरी, पंकजगिरी महाराज आदि शामिल होंगे।

**भण्डारा में शामिल हुए संत महात्माओं का अभिनंदन**

संकटमोचन हनुमान मंदिर के महंत बाबूगिरीजी महाराज के सानिध्य में हो रही श्री शिव महापुराण कथा के उपलक्ष्य में सोमवार महंतों एवं संतो के लिए अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष मां मंशादेवी मंदिर हरिद्वार के अध्यक्ष व श्री पंचायती निरंजनी अखाड़ा मायापुर हरिद्वार के सचिव महन्त रविन्द्रपुरी महाराज के सानिध्य में अग्रेसन भवन में विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। भण्डारे में कुछ देर के लिए प्रख्यात कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा भी शामिल हुए ओर विभिन्न स्थानों से आए संत महात्माओं का आशीर्वाद प्राप्त किया। भण्डारे में शामिल संतों को बाबू गिरी महाराज द्वारा आदर के साथ दक्षिणा भी प्रदान की गई। देश के विभिन्न क्षेत्रों से भण्डारे में शामिल होने पहुंचे 200 से अधिक संत भण्डारे में शामिल होने के बाद मेडिसिटी ग्राउण्ड पहुंचे बाबूगिरी महाराज के महामंडलेश्वर पद पर पट्टाभिषेक कार्यक्रम में शामिल हुए इसके बाद पंडित प्रदीप मिश्रा के मुखारबिंद से श्री शिव महापुराण कथा का श्रवण किया।

# राणा सांगा जयंती पर मांडलगढ़ में भव्य आयोजन, वीरता और संगठन का दिया संदेश

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।**

अदम्य वीर योद्धा, न्यायप्रिय एवं स्वाभिमानी शासक राणा सांगा के चरित्र से हमें संगठित रहने की प्रेरणा मिलती है। आज का दौर संगठन का है और संगठन से ही समाज मजबूत बनता है। यह विचार पूर्व विधायक मांडलगढ़ एवं क्षत्रिय समाज मांडलगढ़ के संरक्षक प्रदीप कुमार सिंह सिंगोली ने राणा सांगा जयंती के अवसर पर सांगा भवन, मांडलगढ़ में आयोजित समारोह में व्यक्त किए।

इस अवसर पर राणा सांगा सेवा संस्थान मांडलगढ़ के अध्यक्ष कुलदीप सिंह श्यामपुरा ने राणा सांगा के व्यक्तित्व पर




प्रकाश डालते हुए कहा कि आने वाले समय में कार्यक्रमों को और अधिक भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि एक आयोजन समिति के माध्यम से सामूहिक निर्णय लेकर कार्य किए जाएंगे तथा युवा पीढ़ी से अधिक सहयोग लिया जाएगा।

समारोह में संजय सिंह देवड़ा, राजेंद्र सिंह अमरतिया, के.पी. सिंह नाहरगढ़, महेंद्र सिंह धाकड़खेड़ी, फूल सिंह कानावत एवं शंकर सिंह कानावत सहित कई वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम का संचालन दिनेश सिंह शक्तावत ने किया। इस दौरान उपस्थित सभी लोगों ने राणा सांगा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

कार्यक्रम में ठा. भगवत सिंह नाहरगढ़ (लाला बना), ठा. गिरधर गोपाल सिंह गेनोली, ठा. अक्षय सिंह महुआ, महेंद्र सिंह धाकड़खेड़ी, अजयराज सिंह देवपुरा, नृपजीत सिंह महुआ, नरपत सिंह सिंगोली, प्रदीप सिंह राणावत, चंद्रवीर सिंह धाकड़खेड़ी, मोहन सिंह लाडपुरा, राजभगत सिंह राठौड़, पूरण सिंह बलदरखा, राहुल सिंह खंगार जी का खेड़ा, अर्जुन सिंह राजावतों का खेड़ा, भगवत सिंह सोपुरा, जयदीप सिंह कानावत, विक्रम सिंह लाडपुरा, प्रेम सिंह सोलंकी (शिक्षक), विचित्रराज सिंह धाकड़खेड़ी, राजवीर सिंह सहित मांडलगढ़ क्षेत्र के अनेक क्षत्रिय युवा उपस्थित रहे।

# राजकीय विद्यालयो में अंबेडकर जयंती मनाई, विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में दिखाया हुनर

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटडी**

( राजेन्द्र बबलू पोखरना )

ब्लॉक के कई राजकीय एवं निजी विद्यालय में सोमवार को भारतीय सविधान के शिल्पकार बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। इस दौरान डॉ. आंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए सामाजिक भेदभाव को मिटाने तथा समाज के पिछडे वर्ग को आगे बढ़ने के लिए पहल के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम के दौरान



बालकों के द्वारा चित्रकला, पेंटिंग, निबंध व भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई तथा उत्कर्ष प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रार्थना सभा में विद्यालय में उपस्थित बालक- बालिकाओ को संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया तथा शपथ दिलाई जिसमें बालक-बालिकाओं के अलावा विद्यालय स्टाफ व अभिभावक उपस्थित हुए। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य ने डॉ भीमराव अंबेडकर की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों को जीवन में आत्मसात करने को कहा। साथ ही डॉ. भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किए। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार पारीक ने बताया कि सरकार के निर्देशानुसार ब्लॉक के 314 राजकीय व निजी विद्यालयों में आयोजित प्रतियोगिताओ में बड़ी संख्या में बालको ने हुनर दिखाते हुए भाग लिया। साथ ही उत्कृष्ट प्रतिभाओ को पुरस्कृत किया गया।

# 7 वर्षीय तक्षवी सोडाणी की भक्ति से गुंजा भीलवाड़ा, वेदसार शिवस्तव से मंत्रमुग्ध हुए श्रद्धालु

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

धर्मनगरी भीलवाड़ा इन दिनों 'हर-हर महादेव' और ' नमः शिवाय' के जयघोष से गुंजायमान है। महादेव की भक्ति से सराबोर इस माहौल के बीच एक नन्ही बालिका की असाधारण प्रतिभा ने सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है।

प्रसिद्ध कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के सानिध्य में मात्र 7 वर्षीय तक्षवी सोडाणी ने वेदसार शिवस्तव स्तोत्र का ऐसा भावपूर्ण पाठ प्रस्तुत किया कि उपस्थित जनसमूह सहित स्वयं महाराज भी भावविभोर हो उठे।

भीलवाड़ा निवासी गोविंद प्रसाद सोडाणी की सुपुत्री एवं जयप्रकाश और गरिमा सोडाणी की पुत्री तक्षवी ने लाइव कार्यक्रम के दौरान 'पशूनां पतिं पापनाशं परेशं...' जैसे कठिन श्लोकों का शुद्ध उच्चारण और लयबद्ध गायन कर अपनी विलक्षण प्रतिभा का परिचय दिया। उसकी प्रस्तुति ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया और यह संदेश दिया कि भक्ति और संस्कार की कोई उम्र नहीं होती।

बालिका की प्रतिभा और शिव के प्रति उसकी गहरी आस्था को देखते हुए पंडित प्रदीप मिश्रा ने उसे विशेष आशीर्वाद प्रदान किया। तक्षवी ने पंडित जी के निवास पर भी वेदसार शिवस्तव का गायन कर वहां मौजूद लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।



उल्लेखनीय है कि तक्षवी की प्रतिभा केवल एक प्रस्तुति तक सीमित नहीं है। अब तक उसके 'शिव तांडव स्त्रोत ', 'महिषासुर मर्दिनी ', 'जब दशमलव दिया मेरे भारत ने ', 'हनुमान चालीसा ', 'रामा रामा रटते रटते ', 'राम स्तुति' और 'राम आएंगे तो अंगना सजाएंगे' सहित 15 से अधिक वीडियो एल्बम रिलीज हो चुके हैं, जिन्हें सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर काफी सराहना मिल रही है।परिजनों के अनुसार यह सब भगवान भोलेनाथ की असीम कृपा का परिणाम है कि इतनी छोटी उम्र में तक्षवी शास्त्रों के जटिल स्तोत्रों का सहज और मधुर गायन कर रही है।

# कन्या महाविद्यालय में आयोजित हुई 'संविधान एवं अंबेडकर" विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता

## डॉ. भीमराव अंबेडकर सामाजिक न्याय, समानता और मानवाधिकारों के महान अग्रदूत थेः डॉ. सावन कुमार जांगिड़

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

सेठ मुरलीधर मानसिंहका राजकीय कन्या महाविद्यालय में डॉ. बी.आर. अंबेडकर जयंती के अवसर पर 14 अप्रैल तक आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत सोमवार को राष्ट्रीय सेवा योजना एवं चित्रकला विभाग के संयुक्त तत्वावधान में प्राचार्य डॉ. सावन कुमार जांगिड़ की अध्यक्षता में 'संविधान एवं अंबेडकर' विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में छात्राओं ने संविधान के मूल्यों एवं डॉ. अंबेडकर के विचारों को चित्रों के माध्यम से सजीव रूप में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर भारतीय संविधान के निर्माता ही नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, समानता और मानवाधिकारों के महान अग्रदूत थे। अंबेडकर जयंती हमें उनके सिद्धांतों- समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व को आत्मसात करने की प्रेरणा देती है। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वे संविधान के मूल्यों को अपने जीवन मंज अपनाकर एक जिम्मेदार नागरिक बनें तथा समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।



# सरदारनगर बास्केटबॉल लीग का भव्य आगाज, रोमांचक मुकाबले शुरू

**भीलवाड़ा फोकस @ बनेड़ा**

(परमेश्वर) सरदारनगर में रविवार देर रात बास्केटबॉल लीग का भव्य शुभारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक प्रत्याशी नरेंद्र रेगर मौजूद रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता बनेड़ा निवर्तमान सरपंच संपत माली ने की।

आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल 8 टीमें भाग ले रही हैं, जो 14 अप्रैल तक अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी।

सीनियर वर्ग में सरदार नगर बुल्स, सरदार नगर वारियर्स, सरदार नगर लेकर्स और बेरोजगार बॉयज़ सरदार नगर टीमें भाग ले रही हैं। वहीं जूनियर वर्ग में सरदार नगर लेकर्स, सरदार नगर क्लिपर्स, सरदार नगर बुल्स और सरदार नगर वारियर्स टीमें शामिल हैं।



लीग का उद्घाटन मुकाबला सरदार नगर वारियर्स और सरदार नगर बुल्स के बीच खेला गया, जिसमें कड़े मुकाबले के बाद सरदार नगर वारियर्स ने 74-70 के स्कोर से जीत दर्ज कर शानदार शुरुआत की।इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में महेंद्र सिंह राठौड , दीपक शर्मा, शिक्षाविद राजू माली, उदयलाल तेली, कोच शाहरुख पठान, करण जाट, धीरज जाट, अर्पित शर्मा तथा रामस्वरूप कुमावत सहित बड़ी संख्या में खेलप्रेमी और ग्रामीण मौजूद रहे।

# शाहपुरा में मेधावी विद्यार्थियों का हुआ सम्मान, 90% से अधिक अंक लाने वालों को मिला सम्मान

## विधायक डॉ. लालाराम बेरवा की पहल–हर वर्ष होगा आयोजन, 1100 नगद, मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर बढ़ाया हौसला

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**

**मूलचंद पेसवानी**

शाहपुरा क्षेत्र के कक्षा 10वीं एवं 12वीं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आज राम कोठी में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन शाहपुरा विधायक डॉ. लालाराम बेरवा की ओर से किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थी, अभिभावक व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भीलवाड़ा जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू, पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह राठौड़, विधायक डॉ. लालाराम बेरवा, शिक्षा विभाग के पूर्व उपनिदेशक तेजपाल उपाध्याय, आरएसएस के पूर्व जिला संघ चालक शंकर लाल तोषनीवाल एवं शिक्षाविद रमेश चंद्र गालरिया मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में सभी अतिथियों का स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम के दौरान सभी मेधावी विद्यार्थियों को विधायक की ओर से ?1100 नगद पुरस्कार, मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के चेहरे पर खुशी और गर्व साफ झलक रहा था।





जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने अपने संबोधन में कहा कि शाहपुरा क्षेत्र प्रारंभ से ही शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी रहा है। इस वर्ष भी सरकारी स्कूलों का परीक्षा परिणाम बेहतर आने से यह उम्मीद जगी है कि आने वाला समय शाहपुरा के लिए उज्ज्वल भविष्य लेकर आएगा। उन्होंने ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों के लिए नियमित रूप से करियर काउंसलिंग की व्यवस्था की जानी चाहिए, ताकि उनके भविष्य को बेहतर दिशा मिल सके।

पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह राठौड़ ने कहा कि विधायक द्वारा किया गया यह प्रयास सराहनीय है। शिक्षा के क्षेत्र में प्रतिभाओं का सम्मान निश्चित रूप से पूरे क्षेत्र का सम्मान है। उन्होंने प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे समाज और क्षेत्र की उम्मीदों पर खरा उतरें।

पूर्व उपनिदेशक तेजपाल उपाध्याय ने कहा कि सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा इस स्तर का परीक्षा परिणाम प्राप्त करना उन विद्यालयों की गुणवत्ता को दर्शाता है। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे नवाचारों की सराहना करते हुए सरकार एवं ऐसे प्रेरणादायक आयोजन के लिए शाहपुरा विधायक का आभार व्यक्त किया।

विधायक डॉ. लालाराम बेरवा ने सभी अतिथियों एवं उपस्थितजनों का स्वागत करते हुए कहा कि क्षेत्र की प्रतिभाओं को सम्मानित करना उनका कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन अब प्रतिवर्ष आयोजित किया जाएगा, जिससे विद्यार्थियों को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती रहे।

उन्होंने विशेष रूप से सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि इन छात्रों ने उत्कृष्ट परिणाम देकर न केवल अपने विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्होंने विश्वास जताया कि यही विद्यार्थी भविष्य में समाज और देश का नाम गौरवान्वित करेंगे।समारोह में शाहपुरा के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। पूरे आयोजन का माहौल उत्साह और प्रेरणा से भरपूर रहा, जिसने विद्यार्थियों में आगे बढ़ने का नया जोश भर दिया।

QUICK BITES

# भंवर लाल तेली बने साहू समाज के मेवाड़ अध्यक्ष निवार्चित, 46 मतों से हुए विजय

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



मेवाड़ के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल मातृकुंडिया में चार चोखला घाणीवाल तेली समाज मंदिर समिति के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुए। चुनाव के मुख्य निर्वाचन अधिकारी बंशीलाल पंचोली राज्यावास ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए मुख्य मुकाबला भंवर लाल तेली (बानिना) एवं माधु लाल तेली (सहाड़ा) के बीच हुआ। मेवाड़ क्षेत्र के चार जिले चित्तौड़गढ़, उदयपुर, राजसमंद और भीलवाड़ा से समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर मतदान में भाग लिया। चुनाव हेतु कुल 8 बूथ बनाये गए। चुनाव में कुल 4190 मत डाले गए। इनमें से भंवर लाल तेली को 2094 मत प्राप्त हुए, जबकि माधु लाल तेली को 2048 मत मिले। इस प्रकार भंवर लाल तेली ने 46 मतों के अंतर से विजय हासिल कर अध्यक्ष पद पर कब्जा जमाया। निर्वाचित होने के बाद साहू समाज के मेवाड़ अध्यक्ष भंवर लाल बानीना ने बताया कि बदले की भावना से काम नहीं किया जायेगा, सबको साथ लेकर समाज में विकास के कार्य जैसे सामूहिक विवाह सम्मेलन, समाज की धर्मशाला हेतु जमीन आवंटन, बाल विवाह पर रोक, नाता प्रथा जैसी कुप्रथा पर रोक, समाज की जाजम पर अमल नशा बन्दी एवं शिक्षा व्यवस्था के स्तर पर जोर दिया जाएगा। साथ ही इस जीत का श्रेय सम्पूर्ण साहू समाज को देकर समाज की जीत बताया है।

# गायत्री शक्तिपीठ में कार्यशाला, विश्व शांति के लिए यज्ञ, पाराशर ने स्मृति में वाटर कूलर भेंट किया

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**



**मूलचंद पेसवानी**



गायत्री शक्तिपीठ शाहपुरा में जिला जन्म शताब्दी अनुयाज कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन, युग संगीत और अतिथि स्वागत के साथ हुआ। इसके बाद गायत्री यज्ञ में विश्व शांति और मानव कल्याण के लिए आहुतियां दी गईं।

कार्यक्रम में सेवानिवृत्त आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. कमलेश पाराशर ने अपनी धर्मपत्नी स्व. अनुराग बाला पाराशर की स्मृति में शक्तिपीठ को वाटर कूलर भेंट किया। अतिथियों ने इसका उद्घाटन कर पाराशर का सम्मान किया।

कार्यशाला में शांतिकुंज प्रतिनिधि रतनलाल उपाध्याय, रामेश्वर सुखवाल और श्यामलाल सेन के मार्गदर्शन में जन्म शताब्दी वर्ष की कार्ययोजना पर चर्चा की गई। श्यामलाल सेन ने संगठन विस्तार और जनजागरण पर जोर दिया, जबकि रामेश्वर सुखवाल ने 'सत्य संकल्प' के 18 सूत्रों का वाचन कर आचार्य श्रीराम शर्मा के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला।

रतनलाल उपाध्याय ने जन्म शताब्दी अनुयाज कार्यसमिति का गठन करते हुए विभिन्न अभियानों के प्रभारी नियुक्त किए। उन्होंने 'हम सुधरेंगे, युग सुधरेगा' के संदेश को घर-घर पहुंचाने का आह्वान किया।

कार्यशाला में जहाजपुर, काछोला, शाहपुरा, फुलियाकला, कोटड़ी और बनेड़ा क्षेत्र से 110 कार्यकर्ता शामिल हुए। अंत में शांति पाठ के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। जिला समन्वयक दुर्गालाल जोशी ने आभार जताया।

# गेहूं खरीद केंद्र शुरू, किसानों को मिलेगी राहत

**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला।**



कस्बे में गेहूं खरीद केंद्र का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर तहसीलदार शैतान सिंह मीणा, गिरदावर रामकिशन जाट , नेफेड अधिकारी हरीश सहित कई लोग उपस्थित रहे ।

कार्यक्रम में अतिथियों ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार किसानों की आय बढ़ाने और उनकी उपज का उचित मूल्य सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि इस केंद्र के शुरू होने से क्षेत्र के किसानों को अपनी फसल बेचने के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा, जिससे समय और परिवहन खर्च की बचत होगी।

केंद्र पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) पर गेहूं की खरीद की जाएगी। साथ ही खरीद प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी रखने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

इस दौरान बड़ी संख्या में किसान एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। किसानों ने सरकार के इस निर्णय का स्वागत करते हुए इसे उनके लिए लाभकारी बताया।

# त्रिवेणी संगम में महायज्ञ शुरू, 23 जोड़ों ने दी आहुतियां, भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद।**



त्रिवेणी संगम स्थित भोलेनाथ भगवान के मंदिर प्रांगण में श्री बानोड़ा बालाजी के तत्वावधान में आयोजित श्री राम कृष्ण कल्कि शक्ति महायज्ञ का शुभारंभ सोमवार को हुआ। कार्यक्रम के तहत दोपहर 12:15 बजे हवन कुंड में अग्नि स्थापना कर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ देवी-देवताओं का आह्वान कर पूजा-अर्चना की गई।

बानोड़ा बालाजी सेवा मंडल के अनुसार पांच दिवसीय पंच कुंडीय महायज्ञ के तहत रविवार को आसपास के 25 गांवों से आए श्रद्धालुओं की सहभागिता से 38 चारभुजा नाथ की भव्य शोभायात्रा के साथ विशाल कलश यात्रा निकाली गई। इसके बाद श्रीरामचरितमानस पाठ के दशांश हवन-तर्पण कार्यक्रम आयोजित हुए।

सोमवार को सुबह 8:15 बजे मंडप प्रवेश कर स्थापित देवी-देवताओं में चारभुजा नाथ की पूजा-अर्चना की गई तथा 11:15 बजे स्तंभ पूजन संपन्न हुआ। दोपहर 12:15 बजे अग्नि स्थापना के पश्चात आचार्यों एवं पंडितों के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच 23 जोड़ों ने भगवान श्रीराम, भगवान शिव एवं षोडश मातृका सहित विभिन्न देवी-देवताओं को 1008 आहुतियां अर्पित कीं। वहीं रविवार रात्रि को आयोजित भव्य भजन संध्या में मध्यप्रदेश के भजन गायक कन्हैयालाल कांकर ने एक से बढ़कर एक भक्तिमय प्रस्तुतियां दीं। भजनों पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर देर रात तक झूमते रहे और कार्यक्रम भोर तक चलता रहा।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।